# GOVERNMENT COLLEGE, HANSI (HISAR)


'B' Grade 'NAAC' Accredited (CGPA: 2.50)

(Affiliated to Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hisar)

Ph. 01663-259204, E-Mail: govtcollegehansi@gmail.com

Web Site: http://gchansi.ac.in/


**Dated** – 14/11/2025 (2025-26)

**Name of Activity** – Celebration of 150th Anniversary of Vande Matram

**Name of the Organizing Department/Cell** – National Service Scheme& National Cadet Corps

**Level: College /Inter-college/ State/ National**......College Level

**Collaboration with: Local Society/Gram Panchayat / Municipal Committee/ NGO/ Bank/ Institution/ None**

**No. of Participants: Students...180... Teachers ALL... Guests/others......**

## Celebration of 150th Anniversary of Vande Matram Report

**आज दिनांक 14 नवम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय हांसी में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय गर्व, सांस्कृतिक धरोहर और देशभक्ति की भावना को समर्पित रहा।कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. (NSS) एवं एन.सी.सी. (NCC) इकाई के संयुक्त प्रयासों से किया गया। कार्यक्रम में NSS कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संतोष देवी एवं श्री संदीप कुमार तथा NCC इंचार्ज लेफ्टिनेंट सोंबीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन, जिसने पूरे परिसर में एकता और उत्साह का वातावरण निर्मित किया।सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रही विशाल मानव श्रृंखला (Human Chain), जिसे विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साह और अनुशासन के साथ बनाया। यह मानव श्रृंखला राष्ट्र की एकता, अखंडता और 'वंदे मातरम्' में निहित मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करती हुई अत्यंत प्रभावशाली दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। श्रृंखला के दौरान वातावरण देशभक्ति, गर्व और उल्लास से भर उठा। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर शामेंद्र बामल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा– "वंदे मातरम् केवल राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारी श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।" कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अध्यापक, गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।**

अंत में NCC व NSSइकाई की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया और राष्ट्रहित व सामूहिक एकता के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।







GPS Map Camera
Hansi, Haryana, India
Near Nehru College, Daddal Park Mohalla, Hansi, Haryana 125033, India
Lat 29.108314° Long 75.966939°
14/11/2025 09:48 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Hansi, Haryana, India
Near Nehru College, Daddal Park Mohalla, Hansi, Haryana 125033, India
Lat 29.108326° Long 75.96668°
14/11/2025 09:51 AM GMT +05:30
Google




NSS P.O Unit – 1 14/11/2025
NSS P.O Unit – 2 14/11/2025
NCC Incharge 14/11/25

14/11/25
Principal
Govt. College, Hansi